an>

Title: Need to increase the number of work days under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : पिछले दो साल से लगातार पड़ रहे सूखे ने देश के किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। खुद कृषि मंत्रालय ने भी माना है कि देश में सामान्य से पन्द्रह-सोलह फीसदी कम बारिश हुई है। इससे खरीफ की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। सबसे ज्यादा असर चावल, दलहन और मोटे अनाजों की पैदावार पर पड़ा है। मध्य प्रदेश में सोयाबीन और मूंग की फसल के साथ ही धान की फसल को भी काफी हानि हुई है। देश में सूखे से उत्पन्न संकट के कारण लोग पलायन कर रहे हैं। देश के पहाड़ी और ग्रामीण इलाकों के लोग दूर-दूर के शहरों की तरफ पलायन करते हैं तथा वहां पर भी उन्हें विभिन्न मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार से मेरा आग्रह है कि वह इस समस्या से निपटने के लिए आपदा राहत कोष से धन उपलब्ध कराकर तथा पलायन को रोकने के लिए मनरेगा के तहत कार्य दिवसों को और बढ़ाया जाए, जिससे हर गरीब के घर दो वक्त चूल्हा जल सके।